नई दिल्ली, शनिवार
30 जून 2018
फरीदाबाद
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8+4+4=36

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

मेले में 1800 युवाओं को मिला रोजगार

राष्ट्रीय कौशल विकास प्राधिकरण की ओर से मानव रचना शिक्षण संस्थान में चल रहे दो दिवसीय रोजगार मेले का समापन

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : राष्ट्रीय कौशल विकास प्राधिकरण की ओर से मानव रचना शिक्षण संस्थान के प्रांगण में चल रहा दो दिवसीय रोजगार मेला शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें 1800 युवाओं को नौकरी के लिए चयनित किया गया। इस दौरान उद्योग मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक युवा को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। इसके चलते फरीदाबाद में बड़े स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

रोजगार मेले में चार हजार युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया था। इस रोजगार मेले में18 औद्योगिक क्षेत्रों से 100 से ज्यादा कंपनियों ने शिरकत की थी। रोजगार मेले में दस हजार से तीस हजार रुपये तक की नौकरी दी गई है। जिन युवाओं का चयन नहीं हो पाया उनके लिए ट्रेनिंग देने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार मेलों में आमंत्रित करने का भी आश्वासन दिया।

उन्होंने कहाकि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में हरियाणा नंबर एक है और जल्द ही स्किल इंडिया और युवाओं को रोजगार देने में भी हरियाणा प्रथम स्थान पर होगा। हरियाणा सरकार ने रोजगार मेलों के माध्यम से 50 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। इस दौरान मानव रचना शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष अमित भल्ला, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी मयंक भटनागर, बीजेपी के जिला सचिव विजेंद्र नेहरा, अमन गोयल और सचिन ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।

मानव रचना शिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय रोजगार में मेले में नौकरी प्राप्त करने के लिए युवा ऑफर लेटर दिखाते हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और युवा भाजपा नेता अमन गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ● जागरण

मैं एक फ्रेशर हूं और एल्कैमिनो सॉफ्टवेयर कंपनी में सेल्स एग्जक्यूटिव की नौकरी मिली है। रोजगार मेले से फ्रेशर को सबसे अधिक लाभ मिलता है। उन्हें नौकरी के लिए कंपनियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। **सचिन**, बल्लभगढ़

मैं 10-12 कंपनियों में साक्षात्कार दे चुका था, लेकिन कहीं नौकरी नहीं मिली। रोजगार मेले में कंज्यूमर सपोर्ट एग्जक्यूटिव की नौकरी मिली है। ऐसे रोजगर मेले समय-समय होने चाहिए। इनसे फ्रेशर को लाभ मिलता है। **संजय सिंह**, सेक्टर-7

कार्वे कंपनी में कस्टमर सर्विसेज की नौकरी मिली है। इससे पहले साक्षात्कार के लिए कंपनियों के लगातार चक्कर काटने के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही थी। रोजगार मेले में आसानी से नौकरी मिल गई।

पूजा दास, गुरुग्राम

आसानी से नौकरी पाना युवाओं के लिए चुनौती है। कंपनियां उम्मीदवारों के पिछली नौकरी के अनुभव के हिसाब से चयन करती हैं, फ्रेशर को मौका मुश्किल हो जाता है, लेकिन रोजगार मेले में फ्रेशर को आसानी से मौका मिल जाता है। **स्मृति राय**, करनाल

मानव रचना शिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले में साक्षात्कार के लिए कतार में खड़े आवेदक ● जागरण

मानव रचना शिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय रोजगार मेले में नौकरी के लिए काउंटर पर आवेदन करती युवतियां ● जागरण

इन शहरों में होंगे रोजगार मेले

उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और हरियाणा सरकार के संयुक्त प्रयास से भिवानी, हिसार, गुरुग्राम सहित हरियाणा के अन्य शहरों में भी नियमित अंतराल पर रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। जल्द ही रोजगार मेले की तिथियों की घोषणा की जाएगी।

अन्य जिलों के युवाओं ने भी दिया साक्षात्कार

राष्ट्रीय कौशल विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित में केवल औद्योगिक नगरी के ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों के युवा भी नौकरी प्राप्त करने के लिए साक्षात्कार देने के लिए आए थे। मेले में गुरुग्राम, करनाल, रेवाड़ी, पलवल, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और नारनौल जिले के लिए युवाओं ने हिस्सा लिया था। इनमें से अधिकतर युवाओं को रोजगार मिला है।

यह थी प्रमुख कंपनियां

मेले में जेबीएम, विप्रो, पीवीआर, एक्सिस बैंक, बजाज कैपिटल, कार्वे, मुथूट ग्रुप, किंगडम ऑफ ड्रीम्स, एजिस जैसी बड़ी कंपनियों में भी नौकरियां उपलब्ध हैं।